विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रवींद्र भवन परिसर में वृक्षारोपण

नई दिल्ली, 20 सितंबर 2018। साहित्य अकादेमी, प्रधान कार्यालय में आज स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रवींद्र भवन परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अकादेमी परिसर में विभिन्न स्थानों पर आम, आंवला, नीम, अमरूद आदि वृक्षों को रोपित किया गया। वृक्षारोपण अभियान में साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं इन वृक्षों की सतत् देखभाल की शपथ ली। इस दौरान अप्रैल 2018 में किए गए वृक्षारोपण का भी निरीक्षण किया गया और सभी वृक्षों को अच्छी तरह पल्वित होते हुए देखकर सभी ने आशा व्यक्त की कि शीघ्र ही यह परिसर विभिन्न वृक्षों से हरा-भरा हो जाएगा।